**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-33 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **33**-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रयागराज में नगर विकास विभाग द्वारा विकास किये जाने की कितनी योजनाएं संचालित है ? | जनपद प्रयागराज में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का विवरण निम्नवत है:-<br>**1- स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत** 99 कार्य स्वीकृत हैं, जिसमें 72 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, शेष 27 कार्य प्रगति पर है<br>**2- स्वच्छ भारत मिशन**<br>(i) स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत विभिन्न मदों में वर्तमान समय तक रू० 9472 लाख की धनराशि प्राप्त है, जिसके सापेक्ष रू० 6474 लाख व्यय किया जा चुका है एवं रू० 2998 लाख अवशेष है।<br>**3- अमृत योजना**<br>(i) अमृत योजनान्तर्गत पार्क के अन्तर्गत कुल 13 पार्कों का निर्माण हेतु रू० 17.70 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष सभी कार्य पूर्ण हो चुके है उक्त के सापेक्ष रू० 12.00 करोड़ की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।<br>(ii) अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज के कुल 06 कार्य स्वीकृत है, जिसकी कुल स्वीकृत धनराशि रू० 25607.51 है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-<br>• प्रयागराज शहर में 4280 पेयजल कनेक्शन का कार्य 185 ट्यूबवेल 7 नग एल०पी०एस० एवं 10 नग जोनल पम्पिंग स्टेशन का स्काडा आटोमेंशन एवं हाउस कनेक्शन का कार्य स्वीकृत धनराशि रू० 3229.15 लाख।<br>• सीवरेज हाउस कनेक्शन डिस्ट्रिक्ट-डी स्वीकृत धनराशि रू० 9188.61 लाख<br>• सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-एफ (फेज-1) स्वीकृत धनराशि रू० 3440.09 लाख ।<br>• सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-एफ (फेज-2) स्वीकृत धनराशि रू० 3939.33 लाख।<br>• सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-ई एवं ई पार्ट-2 में सीवर गृह संयोजन का कार्य स्वीकृत धनराशि रू० 5642.82 लाख।<br>• सेप्टेज मैनेजमेंट सॉल्यूशन (एफएसटीपी) 50 केएलडी को-ट्रीटमेंट प्लान्ट (प्रथम किश्त) स्वीकृत धनराशि रू० 167.51 लाख।<br>(iii) अमृत योजनान्तर्गत पेयजल के कुल 03 कार्य स्वीकृत है, जिसकी कुल स्वीकृत धनराशि रू० 16482.41 लाख है, जिसका विवरण निम्नवत है:-<br>• प्रयागराज पेयजल पुर्नगठन योजना फेज-1 स्वीकृत धनराशि रू० 2550.41 लाख।<br>• प्रयागराज पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-2 स्वीकृत धनराशि रू० 9493.00 लाख।<br>• प्रयागराज पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-3 स्वीकृत धनराशि रू० 4439.00 लाख। |

| | |
|---|---|
| | **4- 15 वॉ वित्त आयोग योजनान्तर्गत** 5382.76 लाख की धनराशि प्राप्त है, जिसके सापेक्ष 184 कार्य स्वीकृत है, जिसमें 141 कार्य पूर्ण है एवं 43 कार्य प्रगति पर है। पूर्ण कार्यों पर रू० 4517.59 लाख व्यय किया जा चुका है।<br>**5- मा० मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत** 49 कार्य स्वीकृत है, जिसमें 28 कार्य प्रगति पर है, 21 कार्य निविदा प्रक्रिया में है। |
| (ख) उक्त परियोजनाओं में अब तक कितना-कितना कार्य किया गया है और कितना अवशेष है ? | **1-** स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत कुल 99 कार्य स्वीकृत थे, जिसमे 72 कार्य पूर्ण करा दिये गये है, शेष 27 कार्य प्रगति पर है, जिसे माह- दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>**2-** स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यों को माह-दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>**3-** अमृत योजना<br>(i) अमृत योजनान्तर्गत पार्क के अन्तर्गत कुल 13 पार्कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।<br>(ii) अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज के कुल 05 कार्य पूर्ण किये जा चुके है, शेष 01 कार्य माह-दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>(iii) अमृत योजनान्तर्गत पेयजल का 01 कार्य पूर्ण किया गया है, शेष 02 कार्य माह-दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>**4-** 15 वॉ वित्त आयोग योजनान्तर्गत 184 कार्य स्वीकृत है, जिसमें 141 कार्य पूर्ण है एवं 43 कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्यों को माह-दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>**5-** मा० मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यों को माह-दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| (ग) अवशेष कार्यों को कब तक पूर्ण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**